हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.7 डिग्री
न्यूनतम 4.6 डिग्री

11 पुरुषार्थ एवं शुभकर्म करते हुए अपने जीवन ...



12 रोहित को न्याय दो के नारे गूंजे, कैंडल ...



## खबर संक्षेप

### मदविः गीता के स्वधर्म सिद्धांत पर गोष्ठी आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 8 दिसम्बर को गीता का स्वधर्म सिद्धांत' विषय पर एक महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग, योग अध्ययन केंद्र तथा महर्षि दयानंद एवं वैदिक अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वराज सदन में पूर्वाह्न 11 बजे से आरंभ होगा। इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजबीर सिंह करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं प्राच्यविद्या संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. रणवीर सिंह स्वधर्म सिद्धांत की गीता-आधारित व्याख्या एवं उसकी समसामयिक प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. श्री भगवान ने बताया कि यह विचार गोष्ठी गीता के दार्शनिक संदेशों की गहन समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करेगी।

### महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस 25 को मनाया जाएगा

**रोहतक।** महाराजा सूरजमल शिक्षण संस्थान की ओर से 25 दिसंबर को नई दिल्ली में बलिदान दिवस मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर संस्थान के परिसर में आयोजन एवं प्रचार समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। प्रचार समिति के चेयरमैन डा. सुरेश कुमार नांदल ने बताया कि महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस के सफल आयोजन के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार आयोजन विशेष होगा जिसमें देश भर से अनेक बुद्धिजीवियों के उपस्थित होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के प्रचार के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं जिनको लेकर विभिन्न पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। डा. नांदल ने बताया कि प्रचार समिति द्वारा सोशल मीडिया, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा स्थानीय नेटवर्क एजेंसियों के माध्यम से कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार को सुनिश्चित किया जा रहा है।

### शिविर में 170 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**रोहतक।** कैलाश भवन चिनियट कॉलोनी में रविवार को सीनियर सिटीजन जन सेवा कल्याण समिति द्वारा निशुल्क नेत्र दांत ओर प्रोस्टेट जांच कैंप आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सतपाल अरोड़ा समाजसेवी रहे। समिति के प्रधान राजेंद्र शर्मा ने बताया कि तृप्ति अस्पताल एवं अमृतानंद धर्मार्थ अस्पताल गांधी कैंप के सहयोग से 170 सीनियर सिटीजंस का प्रोस्टेट , नेत्र एवं दंत जांच का आयोजन किया गया।

### एमडीयू में ऑनलाइन योग कार्यशाला



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग एवं सेंटर फॉर योगिक स्टडीज़ के संयुक्त सहयोग से दो दिवसीय ऑनलाइन योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स और एफिलिएटेड कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों को परीक्षा काल में उत्पन्न होने वाले तनाव, स्ट्रेस एवं एंग्ज़ायटी से बचाना तथा उन्हें बेहतर सफल बनाना रहा। कार्यक्रम की प्रथम सत्र की मुख्य वक्ता प्रो. सुनीता सैनी रहीं। योग अभ्यास के माध्यम से किस प्रकार तनाव से मुक्ति पाई जा सकती है। अभ्यास' एवं 'वैराग्य' के महत्व को विस्तार से समझाया तथा भगवद्गीता के कर्मयोग के सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला।

---

### जिला अस्पताल, महम, कलानौर सहित छह सीएचसी और 17 पीएचसी में दिखेगा असर

# नागरिक अस्पताल के चिकित्सक आज से दो दिवसीय हड़ताल पर

**हजारों मरीजों को उपचार करवाने में उठानी पड़ सकती है परेशानी**

*एसएमओ की सीधी भर्ती का विरोध , सरकार से बातचीत में सिरे नहीं चढ़ी मांगें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएस) ने 8 और 9 दिसम्बर को सभी सरकारी अस्पतालों में हड़ताल करने का निर्णय लिया है। सरकार से बातचीत के दौरान दूसरी मांग पूरी न होने पर डॉक्टर में रोष व्याप्त है। एसोसिएशन का कहना है कि सरकार सीनियर मेडिकल आफिसर (एसएमओ) की सीधी भर्ती प्रक्रिया को रोकने पर राजी हो गई है, लेकिन एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एसीपी) की मांग पर सहमति नहीं बना पाई। इसकी वजह से उन्हें हड़ताल करने का फैसला करना पड़ रहा है। हालांकि हड़ताल की वजह से पूरे प्रदेश सहित रोहतक में भी कई हजार मरीजों को उपचार करवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

#### यहां होगा असर

हड़ताल का असर जिला अस्पताल, महम, कलानौर सहित छह सीएचसी और 17 पीएचसी में देखने को मिलेगा। एचसीएमएसए के जिला अध्यक्ष डॉक्टर विश्वजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान ओपीडी, आपातकालीन, इंडोर, लैबोरेट्री एवं पोस्टमार्टम की सेवाएं बंद रहेंगी। इसकी वजह से हजारों मरीजों को उपचार करवाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




#### प्रदेशभर में 200 से अधिक एसएमओ के पद खाली, जल्द भरने की मांग

डीएमए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित व्यास, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. शुभ प्रताप सोलंकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. भानु कुमार और राष्ट्रीय महिला विंग सचिव डॉ. प्रियांशु शर्मा ने संयुक्त बयान जारी करते हुए सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज होगा। डीएमए ने बताया कि एसएमओ भर्ती में वादाखिलाफी, एसीपी आदेशों में अनुचित देरी और सेवा नियम संशोधन के लंबित रहने से सरकारी चिकित्सकों में भारी नाराजगी है। प्रदेश में 200 से अधिक एसएमओ पद खाली पड़े हैं, 160 पद सेवा नियमों के संशोधन के अभाव में अटके हैं और एसीपी आदेश एक साल से अधिक समय से लंबित पड़े हुए हैं। सरकारी डॉक्टर ओपीडी, इमरजेंसी, ओटी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं को लेकर सरकार उदासीन बनी हुई है। डीएमए इंडिया ने 8-9 दिसंबर को घोषित पूर्ण बंद और 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन बंद का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं पर किसी भी प्रकार की बाधा की जिम्मेदारी पूरी तरह सरकार की होगी।

#### दो दिन मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता

रोहतक सामान्य अस्पताल में ही रोजाना दो हजार से ज्यादा मरीज उपचार के लिए आते हैं। जिनमें से गम्भीर रोगियों को पीजीआई भेज दिया जाता है। इसके अलावा नाक कान गला, हड्डी रोड, डेंटल, सर्जरी, स्कीन, महिला रोग सम्बंधित ओपीडी लगाई जाती हैं। महम, सांपला, कलानौर सहित बड़े सरकारी अस्पतालों में भी ओपीडी में उपचार किया जाता है। ऐसे में मरीजों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि सरकार की तरफ से अस्पतालों में मरीजों का उपचार करने के लिए कुछ इंतजाम किए गए हैं। दावा किया जा रहा है कि अस्पतालों में चिकित्सकों से ड्यूटी करवाई जाएगी।

#### मांगें पूरी न हुई तो हड़ताल हो सकती है अनिश्चितकालीन

डॉक्टर विश्वजीत सिंह ने बताया कि 8 और 9 दिसंबर को चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे। सरकार ने उनकी मांग नही मानी तो 10 दिसंबर को लम्बी हड़ताल पर जाने के लिए फैसला लेना पड़ सकता है। इसके बाद हरियाणा के सभी चिकित्सक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। हरियाणा के डॉक्टरों को पूरे करियर में तीन एसीपी मिलती है। एसोसिएशन तीन पर ही राजी है लेकिन वह इस पर अपग्रेडेशन चाहते हैं। दस साल पर उन्हें अभी 7600 ग्रेड पे मिलता है जबकि उनकी मांग आठ हजार की है। तीसरे ग्रेड पे पर 8700 मिलते हैं, एसोसिएशन की मांग 9500 रुपये की है। इस पर फिलहाल सहमति नहीं बन पाई है।

#### डीएमए ने एचसीएमएसए की मांगों का किया समर्थन

डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया) ने हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमए) की प्रमुख मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से तुरंत ठोस कदम उठाने की अपील की है। डीएमए ने साफ कहा है कि सरकारी डॉक्टरों की लगातार अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### जायज मांगें हों पूरी

डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से अपील की है कि उन जैसे संवेदनशील मुख्यमंत्री को जो हर आम आदमी की मदद करते हैं, उन्हें डॉक्टरों की जायज मांगे भी समाज की भलाई के लिए पूरी कर देनी चाहिए।

---

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025

## ढांडा बॉक्सिंग क्लब के सागर ने 60 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण

**30 नवंबर से 5 दिसंबर तक राजस्थान में हुए गेम्स**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



ढांडा बॉक्सिंग क्लब के प्रतिभाशाली मुक्केबाज सागर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक भरतपुर (राजस्थान) में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में सागर ने अपने दमदार पंच और बेहतरीन तकनीक से सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए गोल्ड पर कब्जा जमाया। सागर की यह उपलब्धि उनके अब तक के समृद्ध खेल सफर का एक और स्वर्णिम अध्याय है। इससे पहले भी वे हरियाणा ओलंपिक गेम्स में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं, बैंकॉक (थाईलैंड) में हुई एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर चुके हैं, और आरईसी नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दो बार स्वर्ण अपने नाम कर चुके हैं। उनकी सफलता के पीछे ढांडा बॉक्सिंग क्लब के कोच सुरेंद्र ढांडा का महत्वपूर्ण योगदान है। खेलो इंडिया में मिली यह जीत न केवल जिले बल्कि पूरे हरियाणा के लिए गर्व का विषय है। विशेषज्ञों का मानना है कि सागर का यह प्रदर्शन आने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत के लिए पदक जीतने का संकेत देता है।

### विजेता पहलवानों को किया सम्मानित



**सांपला।** रविवार को कस्बे में मिनी कुश्ती प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि पार्षद अंकित ओहलायन ने पहलवानों का हाथ मिला कर कुश्ती का शुभारंभ किया। वहीं विजेताओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि हारने वाले खिलाड़ी को मनोबल नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि कमियों को दूर कर आगे बढ़ना चाहिए। कोच जोगेंद्र पहलवान ने बताया कि महिने के पहले रविवार को प्रतियोगिता करवाई जाती है ताकि युवाओं की खेलों में रुचि बढ़ सके।

---

### ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन

## चार युवकों को अवैध शराब सहित दबोचा

**25 बोतल, 34 अध्धे व 716 पव्वे देसी शराब बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों से चार युवकों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। युवकों से कुल 25 बोतल, 34 अध्धे व 716 पव्वे देसी शराब बरामद हुई है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग अभियोग अंकित कर कार्यवाही की गई है। मुख्य सिपाही रविंद्र के नेतृत्व मे पुलिस चौकी शहर सांपला की टीम सांपला खरखौदा रोड से पुरानी मंडी सांपला की तरफ सडक पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। वाहनों की चैकिंग के दौरान पुरानी मंडी सांपला की तरफ से आ रहे गाड़ी सवार युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान नरेश निवासी गांव पतलिया जिला अलवर के रुप में हुई।

नियमानुसार तलाशी लेने पर गाड़ी से 165 पेटी देसी पव्वे बरामद। जिसमें कुल 660 पव्वे देसी शराब बरामद हुई है। वहीं प्रभारी थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि मुख्य सिपाही नवीन के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त मे मौजूद थी। दौराने गश्त मायना रोहतक के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया।

### पुलिस ने आरोपी युवक की तलाश शुरू की

## लिव-इन पार्टनर की बेटी से रेप का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

कस्बा कलानौर के एक गांव में एक व्यक्ति ने अपनी लिव-इन पार्टनर की 15 वर्षीय बेटी के साथ रेप कर दिया। इसके बाद उसे डराया धमकाया कि किसी को कुछ बताया तो जान से मार देगा। व्यक्ति ने नाबालिग के साथ 3 बार जबरन संबंध बनाए। पीड़िता की मां ने लड़की को जब गुमसुम देखा तो लड़की ने पूरी कहानी बता दी। लड़की की मां ने ही बाद में महिला थाने में शिकायत दी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। कस्बा कलानौर के एक गांव में एक महिला अपनी 3 बेटियों और एक बेटे को लेकर अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रहती है। वह करीब 6 साल से लिव-इन में रह रहे थे। महिला ऑटो रिक्शा चलाती है। जबकि युवक मजदूरी करता है। महिला ने पुलिस को बताया है उसकी 15 वर्षीय बेटी करीब 2 माह से गुमसुम रहने लगी। उससे कई बार पूछा लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। इसके बाद 28 नवंबर को उसने बताया कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। उसकी बेटी ने बताया कि करीब 2 महीने पहले जब वह घर में अकेली थी। उसकी मां ऑटो रिक्शा लेकर गई थी। इस मौके का फायदा उठाकर युवक उसके पास आया और उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी आरोप है कि तीसरी बार 28 नवंबर को युवक ने रेप करने के साथ उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस में शिकायत जाते ही आरोपी फरार हो गया।

### एमडीयू में उन्नत गहन चिकित्सा तकनीकों पर मंथन

## कृत्रिम फेफड़ों समेत एआई इंटीग्रेटेड इक्मो का दौर संभवः डॉ. यतिन मेहता

*राज्य स्तरीय क्रिटिकेयर कॉन्फ्रेंस में इक्मो और सीआरआरटी के नवीन आयामों पर विशेष चर्चा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक




चिकित्सा क्षेत्र में भविष्य में कृत्रिम फेफड़ों समेत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटीग्रेटेड इक्मो (एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजेनेशन) का दौर संभव है। इक्मो की विकास यात्रा तथा भविष्य की चिकित्सीय संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रतिष्ठित चिकित्सक और मेदांता ग्रुप, गुरुग्राम के क्रिटिकल केयर के निदेशक डॉ. यतिन मेहता ने आज प्रथम डॉ. अरविंद दहिया स्मृति व्याख्यान में ये विचार साझा किए। डॉ. यतिन मेहता ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में आयोजित दूसरे क्रिटीकेयर स्टेट कॉनक्लेव 2025 में बतौर मुख्य वक्ता विशेष व्याख्यान देते इक्मो की शुरूआत से लेकर वर्तमान समय की यात्रा तथा इसके जरिए इल्जीवन दायिनी चिकित्सीय हस्तक्षेप पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जीवन मरण की स्थिति में इक्मो हृदय फेफड़ों का कार्य करता है। सोसायटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन रोहतक शाखा और कायनोस अस्पताल द्वारा एपीआई हरियाणा तथा आईएपी हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में इस एक दिवसीय चिकित्सा महाकुंभ क्रिटीकेयर स्टेट कॉनक्लेव का आयोजन किया गया। इस महासम्मेलन में क्रिटिकल केयर के चार तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया।

---

**विडंबना** किसानों को अभी तक बिना ठोस प्रमाणों के प्रदूषण का ठहराया जा रहा दोषी

# पराली जलाने की घटनाओं में 90% कमी के बावजूद नवंबर में रोहतक शहर के एक्यूआई में प्रतिदिन एवरेज 58.6 अंकों की हुई बढ़ोतरी

*पराली जलाने पर प्रदूषण में हिस्सेदारी पांच से सात प्रतिशत ही, अनुसंधानों में उजागर हुए नए तथ्य*

अमरजीत एस गिल ▶▶। रोहतक

केंद्र सरकार ने एक दिसंबर को संसद में बताया कि 2022 के मुकाबले 2025 के धान की कटाई के मौसम में पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 90 प्रतिशत की कमी आई है। इससे पहले 4 नवंबर को हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा था कि वायु गुणवत्ता सूचकांक को लेकर हम सतर्क हैं। धान की पराली जलाने के मामलों को और कम करने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। पिछले साल की तुलना में 2023 में पराली जलाने की घटनाओं में 38 फीसदी की कमी आई। वर्ष 2022 में राज्य में पराली जलाने के 2,083 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में घटकर 1,296 मामले रह गए। वर्ष 2021 की तुलना में 2023 में पराली जलाने की घटनाओं में 57प्रतिशत की कमी आई है, ये मुख्य सचिव ने कहा था।

#### पीएम 2.5 का सबसे बड़ा स्रोत ट्रांसपोर्ट

अनुसंधान बता रहे हैं कि प्रदूषण बढ़ाने के लिए पराली मुश्किल से पांच-सात प्रतिशत ही जिम्मेदार है। ध्यान रहे कि अब इस तथ्य पर लगातार रिसर्च किए जा रहे हैं कि प्रदूषण में किसानों की हिस्सेदार तो नामात्र की है। ताजा शोधों में बताया गया है कि पीएम 2.5 का सबसे बड़ा स्रोत ट्रांसपोर्ट है, जिसकी हिस्सेदारी 17.9 से 39.2 प्रतिशत के बीच है। औद्योगिक सेक्टर भी प्रदूषण का एक महत्वपूर्ण कारण है। इसकी हिस्सेदारी 2.3 से 28 फीसदी के बीच है। निर्माण सेक्टर भी 2.2 से 8.4 प्रतिशत पॉल्यूशन के लिए जिम्मेदार पाया गया है।

#### आप पड़ जाएंगे हैरत में

हैरत यह है कि एक्यूआई में निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। नमूने के तौर पर रोहतक शहर के एक्यूआई पर नजर दौड़ाई जा सकती है। नवंबर 2024 में प्रतिदिन एवरेज एक्यूआई 249.6 अंक था। जो नवंबर 2025 में बढ़कर 307.9 हो गया। यानी एक्यूआई में 58.6 अंकों की बढ़ोतरी पराली जलाने की घटनाओं में भारी कम आने के बाद हुई है। ऐसे में सरकार के प्रदूषण नियंत्रण के दावों की पोल पट्टी पूरी तरह से उधड़ गई है। पॉल्यूशन वाहन और फैक्ट्रियों की वजह से दिन-प्रतिदिन ज्यादा होता जा रहा है। लेकिन दोषी केवल किसानों को ठहराया जा रहा है। पराली जलाने से कितने प्रतिदिन पॉल्यूशन बढ़ता है, इसको लेकर नित नए-नए रिसर्च सामने आ रहे हैं।

#### पॉल्यूशन बोर्ड पर सवाल

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आकड़े बताते हैं कि साल 2024 में जहां 300 ये अधिक एक्यूआई वाले दिनों की संख्या केवल 7 थी। वहीं ये 15 तक पहुंच गई। इसी प्रकार 2024 में एक भी दिन ऐसा नहीं था, जब पॉल्यूशन अति गंभीर स्थिति में पहुंचा हो। जबकि इस बार 12 नवंबर 406 और 13 को 430 तक एक्यूआई दर्ज किया गया। नवंबर 2024 में सांस लेने के लिए हवा सही नहीं है कि दिनों की संख्या 17 थी। जोकि बीते नवंबर में 5 ही रह गई। ध्यान रहे कि अगर एक्यूआई 0 से 50 तक है तो वह सांस लेन के हिसाब से ठीक है। 51 से 100 तक वायु गुणवत्ता मध्यम, 101 से 150 तक संवेदनशील व्यक्तियों के लिए अस्वस्थ, 151 से 200 तक अस्वस्थ, 201 और 300 तक सही नहीं। 300 से अधिक है तो पूरी खराब है।

#### सरकार को ठोस नीतियां बनानी होंगी



जब तक पॉल्यूशन नियंत्रित करने के लिए ठोस नीतियां सरकार नहीं बनाएगी, तब तक सकारात्मक परिणाम आएंगे नहीं। दस साल से किसानों के पीछे पूरा सिस्टम पड़ा हुआ है। जबकि पराली जलाने पर प्रदूषण में आंशिक रूप से बढ़ोतरी होती है। लेकिन किसानों को खलनायक बनाकर खड़ा कर दिया गया है। सरकार की पॉलिसी पॉल्यूशन कंट्रोल को फिलहाल तक सही नहीं है। पॉल्यूशन के लिए सबसे ज्यादा जो कारक जिम्मेदार है, उन पर सरकार ने एक्शन लेना चाहिए।

-डॉ. अरुण कुमार
कार्यक्रम प्रबंधक
एनवायरोकैटलिस्टस, नई दिल्ली

---

### फोन कॉल से खाली हो सकता है आपका बैंक अकाउंट साइबर अपराधियों से बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी

**रोहतक।** डिजिटल युग में जहां स्मार्टफोन जीवन को आसान बना रहे हैं, वहीं साइबर अपराधी इसी सुविधा का फायदा उठाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। एक गलती या एक फोन कॉल आपके बैंक अकाउंट को खाली कर सकती है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने नागरिकों को आगाह करते हुए कहा कि चाहे व्यक्ति तकनीक के मामले में कितना भी सतर्क क्यों न हो, स्मार्टफोन को हैक होने से पूरी तरह सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने बताया कि हैकिंग सिर्फ फोन में घुसपैठ तक सीमित नहीं होती, बल्कि हैकर को फोन कॉल, कॉन्टैक्ट लिस्ट, फोटो, वीडियो, ईमेल, एप्लीकेशन और पासवर्ड तक की पूरी एक्सेस मिल जाती है। यहां तक कि हैकर आपके फोन से कॉल भी कर सकता है, और आपको पता भी नहीं चलता। एसपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि विदेशी नंबरों या किसी अनजान व्यक्ति से आई कॉल या वीडियो कॉल को बिल्कुल न उठाएं। कई मामलों में सिर्फ कॉल रिसीव करने भर से फोन में मैलवेयर एंट्री कर जाता है। यही नहीं, व्हाट्सएप या ईमेल पर आने वाले किसी भी संदिग्ध लिंक को खोलना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। दुनिया के कई बड़े प्रभावशाली व्यक्तियों के स्मार्टफोन भी स्पाइवेयर के जरिए हैक किए जा चुके हैं।



#### ठगी होने पर इन नंबरों पर संपर्क करें

एसपी भौरिया ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या अपराध हो जाए तो तुरंत 1930 नंबर पर शिकायत दें। यह नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन है, जहां तुरंत एक्शन लिया जाता है। इसके अलावा पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। नजदीकी पुलिस थाने में मौजूद साइबर हेल्प डेस्क पर भी सहायता उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी मानसिकता से बेहद चालाक होते हैं और नई तकनीकों का दुरुपयोग करते हुए लोगों को जाल में फंसाते हैं। इसलिए किसी भी अनजान कॉल, लिंक या लालच भरे संदेश पर भरोसा ना करें।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style

# सामंथा

## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।



हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर'पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आज़ाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।

# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता :** रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यू फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*__नई दिल्ली।__ रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुईं थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।





## खबर संक्षेप



### कांग्रेस व भाजपा ने हमेशा किया भेदभाव

रोहतक। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पहलवान की अध्यक्षता में रूपया चौक स्थित पार्टी कार्यालय में हुई, जिसमें 28 दिसंबर को रोहतक में होने वाले ऐतिहासिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं को सफल सम्मेलन के लिए डयूटियां भी सौंपी गई। रामेश्वर पहलवान ने कहा कि इस सम्मेलन में इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में भाजपा, कांग्रेस व जजपा छोड़कर सैकडों लोग इनेलो पार्टी में शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा ने हमेशा अनुसूचित जाति के लोगों के साथ भेदभाव किया है और सिर्फ अनुसूचित जाति को वोट बैक के लिए इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नक्शे कदम पर ही भाजपा प्रदेश में काम कर रही है और लगातार अनुसूचित जाति के हितों की अनदेखी कर रही है।

### राज कुमार नरवाल बने प्रदेश संयोजक



महम। दैनिक हरिभूमि के पत्रकार राज कुमार नरवाल को ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र चौधरी के अनुमोदन के बाद उनको नियुक्ति पत्र जारी किया है। इस नियुक्ति के लिए राज कुमार नरवाल ने ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र चौधरी और मेरठ जिला महामंत्री शिव कुमार समेत समस्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी का आभार जताया है। कहा है कि वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा व लग्न के साथ एसोसिएशन में काम करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी को भरोसा दिलाया है कि हरियाणा के ग्रामीण अंचल में काम करने वाले पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाएंगे और उनके कल्याण के लिए काम करेंगे।

# पुरुषार्थ एवं शुभकर्म करते हुए अपने जीवन को बदलना चाहिए : वेदमित्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा, दयानन्द मठ में प्रतिमास के प्रथम सप्ताह में होने वाले मासिक वैदिक सत्संग का शुभारम्भ प्रातः 9 बजे यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा वेदप्रचार मण्डल रोहतक के प्रधान सुभाष सांगवान रहे। इसके पश्चात्त राजकुमार आर्य, सत्यवती आर्या, सुदेश आर्या, हनुमत मकड़ौली द्वारा भजनों के माध्यम से देश-भक्ति, भारत देश की वर्तमान दुर्दशा तथा ऋषिवर देवदयानन्द द्वारा समाज के लिए किए गए उपकार आदि के बारे में सुन्दर सन्देश दिया। मंच का कुशल संचालन करते हुए प्रधान सुभाष सांगवान ने बताया कि जीवन में अच्छे कर्म करके हमें उन्नति की ओर अग्रसर होना चाहिए। आज समाज में वेदप्रचार की अधिक आवश्यकता है। उन्होंने इस बारे में अनेक दृष्टान्त भी दिये तथा बताया कि अब हमें भी इस ओर अधिक ध्यान देने की जरूरत है एवं इस मार्ग पर छोटे बच्चे, युवा तथा बुजुर्ग सभी मिलकर साथ चलना होगा।

आज के मुख्यवक्ता के रूप में वैदिक विद्वान्‌ आचार्य वेदमित्र का मासिक वैदिक सत्संग में पहुंचने पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। आचार्य ने बहुत ही सुन्दर एवं सरल शब्दों में प्रवचन के माध्यम से मनुष्य के उत्तम जीवन के प्रमुख उद्देश्य पर विचार रखे। उन्होंने सर्वप्रथम वेदमन्त्र का उच्चारण किया। आचार्य ने परमपिता परमात्मा की पावन रचना के बारे में विस्तार से बताया कि परमपिता परमात्मा ने हमें किस प्रकार बनाया है और हमारी सुविधा के लिए सभी अवश्यक सामान सुरक्षित किए हैं।



रोहतक। दयानन्द मठ में आयोजित वैदिक मासिक सत्संग में प्रवचन देते मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान्‌ आचार्य वेदमित्र। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। दयानन्द मठ में आयोजित वैदिक मासिक सत्संग में प्रवचन सुनते आर्य समाजी। फोटो : हरिभूमि

### मासिक वैदिक सत्संग का शुभारंभ

आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा, दयानन्द मठ में प्रतिमास के प्रथम सप्ताह में होने वाले मासिक वैदिक सत्संग का शुभारम्भ प्रातः 9 बजे यज्ञ द्वारा किया गया। प्रकृति भी समय-समय पर अपना काम कर रही है जिससे हमें हर चीज आसानी से प्राप्त हो जाती है। आचार्य ने परमपिता परमात्मा के उपकारों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि हम आर्यावर्त देश में जन्म लिये हैं और जन्म के बाद महर्षि दयानन्द सरस्वती का आशीर्वाद भी हम लोगों को प्राप्त हुआ है। आचार्य ने महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा निर्धारित प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा पद्धति, दिनचर्या, उद्देश्य तथा उनके लाभ के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। आचार्य ने सभी आर्यजनों को स्वाध्याय एवं सत्संग से जोड़ने का भी प्रयास किया और कहा कि हम आर्यों को पुरुषार्थ एवं शुभकर्म करते हुए तथा अच्छे लोगों के संसर्ग में आकर अपने जीवन को बदलना चाहिए। हमें अच्छे कर्म करने चाहिएं जिससे हमारा उत्तरोत्तर उन्नति हो, तभी हम दूसरों को भी आर्य बना सकेंगे। मंच पर उपस्थित हवासिंह राठी, रामकिशन बाल्याण रिटायर्ड तहसीलदार, बलराज खुराना, होशियार सिंह आर्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में सुभाष सांगवान ने मंच पर उपस्थित सभी विद्वान, साधु-सन्त तथा सभी सत्संग-प्रेमियों का सत्संग में पधारने पर हार्दिक धन्यवाद किया।

## कम पढ़े लिखे नीम-हकीमों के पास जुटी रहती है मरीजों की भारी भीड़

# महम में फल फूल रहा अवैध वैद्यों का कारोबार, चांदी कूट रहे नीम हकीम

**सोशल मीडिया पर प्रचार के जरिए लोगों तक पहुंच बना रहे अवैध देसी वैद्य, स्वास्थ्य विभाग की ढिलाई की वजह से बढ़ रहा है अवैध कारोबार**

राज कुमार नरवाल ▸▸। महम

आजकल महम शहर में नीम हकीमों की बाढ़ सी आई हुई है। पिछले कुछ सालों से यहां अवैध देसी वैद्यों का धंधा खूब फल फूल रहा है। हर गली नुक्कड़ और चौक चोराहे पर कोई न कोई वैद्य मिल जाता है जो किसी न किसी तरह के रोग के इलाज का पक्का इलाज करने का दावा करता है। गांरटी के साथ या शर्तिया इलाज करने वालों की संख्या शहर में लगातार बढ़ रही है। सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार करके ये अवैध कारोबार करने वाले वैद्य लोगों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। से कम पढ़े लिखे और अनट्रेंड लोग खूब चांदी कूट रहे हैं। दिनभर इनकी दुकानों पर मरीजों की भारी भीड़ उमड़ती है। लोगों को दवाई लेने के लिए लाइन में लगना पड़ता है। ये वैद्य शुरू में एक छोटी सी दुकान में अपना कारोबार शुरू करते हैं, लेकिन देखते ही देखते इनका कारोबार बड़ा रूप ले लेता है। महम में ऐसे अनेक वैद्य हैं, जिनके बारे में बाहर से लोग पूछताछ करते हैं और यहां आने की मंशा जाहिर करते हैं। स्थानीय लोग इनके झांसे में कम आते हैं, जबकि बाहर के लोगों का दिनभर जमावड़ा लगा रहता है। शहर के इन ज्यादातर नीम हकीमों ने न तो कहीं से डिप्लोमा और डिग्री पास की हुई है और न ही इनके पास कोई वैध लाइसेंस होता है। बावजूद इसके ये डिग्री धारक बीएएमएस और एमबीबीएस डॉक्टरों से ज्यादा पैसा कमा रहे हैं। ज्यादातर भोले भाले और गांव देहात के लोग इनके झांसे में जल्दी आते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन अवैध वैद्यों की अधिक पकड़ है। आजकल महम में हर गली गली नुक्कड़ पर कोई न कोई छोटा मोटा वैद्य जरूर मिल जाएग। इसकी वजह स्वास्थ्य विभाग की ढिलाई है। स्वास्थ्य विभाग की ढिलाई की वजह से ही यह अवैध कारोबार फल फूल रहा है। उपचार की पद्धति कोई भी अपनाएं, डिग्री-डिप्लोमा धारक चिकित्सकों और वैद्यों से ही दवाई लें। लोगों को यह समझने की जरूरत है कि वे उपचार की पद्धति कोई भी अपनाएं। उन्हें ट्रेंड डिग्री अथवा डिप्लोमा धारक डॉक्टरों और वैद्यों से ही अपना इलाज करवाना चाहिए। प्रशिक्षित डॉक्टरों और वैद्यों को पढ़ाई के दौरान उपचार करना सिखाया जाता है। चिकित्सकों को मरीजों का इलाज करने में कई कई साल खपाने पड़ते हैं, तब जाकर एक प्रशिक्षित चिकित्सक तैयार होता है।



### संज्ञान में आने पर स्वास्थ्य विभाग करेगा कार्रवाई

महम के उपमंडल स्तरीय नागरिक अस्पताल के स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील कुमार अहलावत से इस बारे में बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि वे यह मामला विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएंगे। एक योजना बनाकर अवश्य ही स्वास्थ्य विभाग लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों पर कार्रवाई करेगा। हर हाल में इस तरह की दुकानें बंद होनी चाहिएं, जो लोगों को गुमराह कर लूट रही हैं।

### लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हकीमों पर स्वास्थ्य विभाग नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

महम में जगह जगह अवैध रूप से दुकानें खोले बैठे नीम हकीमों पर स्वास्थ विभाग कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर रहा। ये अनट्रेंड वैद्य लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। किसी दवा का किसी मरीज के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है, इस बात की इन हकीमों को कोई जानकारी नहीं है। बिना दवाइयों के ज्ञान के ही ये वैद्य लोगों को दवाइयां दे रहे हैं। लोगों का पैसा बेवजह बर्बाद हो रहा है और मरीजों के इलाज में देरी हो रही है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग को इन अवैध कारोबार करने वाले नीम हकीमों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए और शहर में जगह जगह चल रही ये दुकानें बंद होनी चाहिएं, ताकि लोग सही जगह पर अपना उपचार करवा सकें।

### बिना लेबल की शीशियों में क्या दे रहे मरीजों को नहीं पता

ये अवैध डॉक्टर्स मरीजों को बिना लेबल लगी शीशियों में दवाइयां दे रहे हैं। बिना कुछ लिखी पीसी हुई दवाइयां मरीजों को थमाई जा रही हैं। शीशी में क्या मिलाया गया है, यह किसी को भी पता नहीं चलता। कुछ वैद्य तो ऐसे हैं, जो एक शीशी में सभी तरह के मरीजों को एक जैसी ही दवा दे रहे हैं।



रोहतक। कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि आशा हुड्डा, विधायक बी.बी. बत्तरा, समाजसेवी राजेश जैन व अन्य संत समाज ।

### रामलीला व दशहरा मेला के सफल आयोजन पर उत्सव कमेटी ने किया सम्मान समारोह

रोहतक। रामलीला उत्सव कमेटी ने हिसार रोड स्थित बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर में रविवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामण्डलेश्वर बाबा कपिल पुरी, बाबा कर्णपुरी, बाबा विश्वेश्वरानंद महाराज और महाराज राघवेन्द्र भारती के सानिध्य में मुख्य अतिथि आशा हुड्डा, विधायक बी.बी. बत्तरा, समाजसेवी राजेश जैन और सुभाष तायल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।समारोह में रामलीला व दशहरा मेला सफल बनाने में योगदान देने वाले कलाकारों, बाल कलाकारों, मीडिया कर्मियों, छायाकारों, साउंड-लाइट टीम, मंच संचालकों व समिति सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन विजय बाबा और सतीश भारद्वाज ने किया। आशा हुड्डा ने कहा कि रोहतक की रामलीला हरियाणा की सबसे बड़ी रामलीला है, जिसे देखने दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं।



### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा

रोहतक। सुभाष नगर स्थित नेताजी सुभाष पार्क में भक्ति धारा गौ सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। याज्ञिक आचार्य धर्मवीर प्रसाद वेदपाठी और कथा व्यास आचार्य देवकृष्ण शौनक महाराज के सानिध्य में महिला श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा निकाली। यात्रा सुभाष नगर मंदिर से पवित्र जल भरने के साथ प्रारंभ होकर गलियों से होती हुई कथा स्थल तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच कलशों और भागवत ग्रंथ की स्थापना की गई। कथा का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता मंजुल पालीवाल, प्रमोद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल और संजय मालिक ने व्यास पीठ की पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया।

# गुरुद्वारा टिकाना साहिब में 71वां सालाना यज्ञ समागम सम्पन्न



रोहतक। सालाना यज्ञ समागम में प्रवचन देते गद्दीनशीन महंत दिलबाग सिंह।



रोहतक। गुरुद्वारा टिकाना साहिब में सालाना यज्ञ समागम में मौजूद भक्तजन।

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

108 महंत हरदर्शन सिंह महाराज की याद में आयोजित 71वां सालाना यज्ञ समागम गुरुद्वारा टिकाना साहिब रविवार को सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन सुबह 10 बजे अखंड पाठ साहिब के परवाह का समापन किया गया। इसके बाद महान कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसका समापन शाम 4 बजे हुआ। भाई कमलदीप सिंह जी (चंबा) और भाई मोहर सिंह (लुधियाना) ने शब्द-कीर्तन द्वारा संगत को निरोल बानी का आनंद करवाया। सतनाम वाहेगुरु के जयकारों से पूरा हाल गूंज उठा। गद्दीनशीन महंत दिलबाग सिंह ने संगतों को महंत हरदर्शन सिंह जी के जीवन और सेवाओं के बारे में अवगत कराया। अरदास उपरांत गुरु का लंगर बरताया गया। समागम में महंत कपिल पूरी सहित सरदार अवतार सिंह कोचर, राजकुमार सहगल, गुरप्रीत सिंह कोचर, विजय बात्रा, मनोहर लाल कोचर, जितेंद्र बवेजा, मोनू जुनेजा, परमिंदर सिंह कोचर, ओम अनेजा, महेंद्र लाल ढींगरा, राकेश कथूरिया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नशे के खिलाफ शंखनाद: डीएवी पब्लिक स्कूल के 100 कुण्डीय हवन व जागरूकता कार्यक्रम में उमड़ा जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

डीएवी पब्लिक स्कूल में मैनेजिंग कमेटी के प्रधान पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में 'नो नशा नेशन अभियान' के अंतर्गत 100 कुण्डीय वैदिक हवन एवं जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज किया गया।

यह कार्यक्रम मानसरोवर पार्क में प्रातः 11 बजे विद्यालय की प्रधानाचार्या रिंकू वर्मा जी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की नशा जागरूकता रैली से हुई, जिसके बाद 100 कुण्डीय हवन यज्ञ, भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं अतिथियों के प्रेरक संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के स्वास्थ्य, भविष्य और व्यक्तित्व को बर्बाद कर देता है। परिवार और समाज का दायित्व है कि वह बच्चों को सही दिशा दे और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दे। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि जीवन को सकारात्मक आदतों, खेल और शिक्षा की ओर मोड़ें। बच्चों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा समाज में भी नशा-मुक्ति का संदेश फैलाएंगे।







### कार्यक्रम में विशेष सहभागिता

पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर , आर्य समाज के पैटर्न नंदलाल गांधी के सुपुत्र सुरेश गांधी, सुरेश मितल, भारत विकास परिषद के सदस्य अमित मितल, अक्षय गोयल, पूजा राठी, रेनु खट्टर , रोटरी कल्ब के प्रेजिडेंट एसएल वर्मा, सचिव अमित राठी, संदीप मुंजाल , अमित नागपाल, इनरवियर कल्ब से कमलेश मलिक ने अपना भरपूर योगदान दिया। गुरुकुल सिंघपुरा से आचार्य शंभु मित्र , उनके 50 शिष्यों व गुरूकुल सुन्दरपुर का भी भरपूर योगदान रहा। प्रधानाचार्या रिंकू वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ देती है, इसलिए आज ही इसे छोड़ने का संकल्प लें। नशा मुक्ति के लिए हमारी पहली पहल फरवरी माह तक चार बार की जाएगी ताकि हम हरियाणा को नाश मुक्त कर सकें।

### कार्यक्रम पूर्व गतिविधियां

- परिसर में पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स लगाए गए।
- कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक हवन से हुआ, जिसमें छात्रों, अभिभावकों, नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।
- हवन के बाद सभी प्रतिभागियों ने नो नशा नेशन की शपथ ली और नशे के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई।
- पुनर्वास केंद्रों के प्रतिनिधियों ने वास्तविक जीवन के अनुभव साझा किए, जिससे युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की गहरी समझ मिली।
- कार्यक्रम स्थल पर बैनरों और नारों के माध्यम से नशामुक्त भारत का संदेश दिया गया।
- कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आर्य युवा समाज के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों पर किया गया।
- रैली निकालकर विद्यार्थियों ने दिया नशे से दूर रहने का संदेश।

## मदवि में हुआकार्यक्रम का आयोजन

# कुलपति ने किया पुस्तक करवटें का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रथम अधिष्ठाता छात्र कल्याण, पूर्व डीन कॉलेज डेवलेपमेंट एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद, लेखक स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रदीप की जन्मशताब्दी पर उनकी बेटी, एमडीयू की पूर्व छात्रा डॉ. माधुरी प्रदीप मोहिंद्रा द्वारा लिखित पुस्तक करवटें का लोकार्पण डॉ. अंबेडकर हॉल में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने डॉ राजेंद्र प्रदीप के परिजनों की उपस्थिति में किया।

इस स्मृति कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र प्रदीप के जीवन, व्यक्तित्व तथा योगदान पर लघु फिल्म का प्रदर्शन हुआ। विवि के सेवानिवृत लाइब्रेरियन डॉ. पीएन शर्मा, सेवानिवृत निदेशक युवा कल्याण जनार्दन शर्मा, प्रतिष्ठित गायक एवं। एमडीयू एलुमनस कुमार विशु समेत परिजनों ने डॉ. राजेंद्र प्रदीप संबंधित अमूल्य स्मृतियां साझा की। डॉ. माधवी द्वारा डॉ. राजेंद्र प्रदीप के जीवन के विविध पहलुओं पर आधारित लघु फिल्म कार्यक्रम में प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में एमडीयू एलुमना डॉ. माधवी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डॉ. राजेंद्र प्रदीप के दामाद विक्रम मोहिंद्रा ने परिवार की ओर से एमडीयू प्रशासन तथा उपस्थित जन का आभार जताया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने एमडीयू की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एमडीयू के सेवानिवृत शिक्षक, रोहतक तथा हरियाणा के प्रतिष्ठित लेखक, संस्कृतिकर्मी, माडिया के शिक्षक, स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रदीप के परिजन उपस्थित रहे। एमडीयू एलुमनी प्रसिद्ध गायक कुमार विशु तथा गायक शम्मी भ्याना ने भजन और पंजाबी गीत प्रस्तुति से स्वर्गीय डॉ राजेंद्र प्रदीप को संगीतमय श्रद्धांजलि दी।



### पिता की स्मृति को समर्पित की पुस्तक

डॉ. माधवी ने अपने संबोधन में कहा कि उनके पिता के प्रोत्साहन से ही वे सृजनात्मक क्षेत्र संगीत, नृत्य, साहित्य में पदार्पण कर पाई तथा अपनी विशिष्ट जगह बना पाई। उन्होंने बताया कि उनकी पुस्तक करवटें पिता की स्मृति को समर्पित है। इस कहानी संग्रह में आत्म कथात्मक पहलुओं के साथ साथ जीवन के अनुभवों का समावेश है। प्रतिष्ठित संस्कृतिकर्मी तथा स्वर्गीय राजेंद्र प्रदीप के सुपुत्र हेमंत प्रदीप ने इस पुस्तक करवटें से कहानी कवच की शानदार समीक्षा प्रस्तुत की। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रदीप को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रदीप न केवल प्रतिष्ठित शिक्षक थे, बल्कि कुशल प्रशासक तथा विद्यार्थियों को साहित्यिक सांस्कृतिक प्रेरणा देने वाले व्यक्तित्व थे। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने डॉ. राजेंद्र प्रदीप की स्मृति में एमडीयू में वार्षिक वाद विवाद प्रतियोगिता, साहित्यिक उत्कृष्टता स्कॉलरशिप तथा शताब्दी वर्ष में उर्दू मुशायरा एवं गजल कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की।

### रोहतक से हजारों की संख्या में जेजेपी जुलाना रैली में पहुंचे समर्थक

रोहतक। जननायक जनता पार्टी के आठवें स्थापना दिवस के भव्य समारोह में भाग लेने के लिए रोहतक के चारों हल्कों से भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जुलाना रैली में जोश और उत्साह के साथ पहुंचे। जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा और जिलाध्यक्ष डॉ. संदीप हुड्डा ने बताया कि यह आयोजन केवल स्थापना दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक मजबूती और जनसमर्पण की पुनः पुष्टि का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने चारों हल्का प्रधानों कलानौर हल्का प्रधान प्रवीण लांबा, महम हल्का प्रधान कृष्ण घणघस, किलोई हल्का प्रधान प्रवेश कंसाला, रोहतक शहरी प्रधान राजेश गुलिया का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इस बार युवा, महिलाएं और कर्मठ कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली है, जो पार्टी संगठन और पार्टी प्रमुख दुष्यंत चौटाला की मजबूती की दिशा में सकारात्मक संकेत हैं। जननायक जनता पार्टी लगातार युवाओं, किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों की समस्याओं को समझते हुए उनकी आवाज को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय संघर्षरत है। हरज्ञान मोखरा एवं डॉ. संदीप हुड्डा ने बताया कि रैली को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जुलाना के लिए रवाना हुए।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा व जिलाध्यक्ष डॉ. संदीप हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

### हुमायूंपुर–बखेता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रोहित धनखड़ को इंसाफ दिलाने उमड़ा जनसैलाब

# रोहित को न्याय दो के नारे गूंजे, कैंडल मार्च में फूटा लोगों का दर्द व आक्रोश

**शादी समारोह में छेड़छाड़ का विरोध करने पर की थी हत्या, 10 दिन बाद भी आरोपी फरार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। हुमायूंपुर और बखेता गांव के ग्रामीण रोहित को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकालते हुए।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रोहित धनखड़ की भिवानी में पीट पीटकर हत्या के बाद न्याय की आस लगाए बैठे हुमायूंपुर और बखेता गांव के लोगों का सब्र अब जवाब देने लगा है। दोनों गांवों में रोहित के घर से लेकर पूरे गांव तक भावनात्मक और आक्रोश से भरा कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें हर उम्र, हर वर्ग और हर गली के लोग कंधे से कंधा मिलाकर शामिल हुए। छोटे बच्चे हाथों में मोमबत्तियां लिए थे, महिलाएं आंखों में आंसू और दिल में गुस्सा लेकर चल रही थीं, बुजुर्ग कांपती आवाज़ में इंसाफ की गुहार लगा रहे थे और युवा वर्ग पूरे जोश के साथ "रोहित के हत्यारों को सजा दो", न्याय नहीं तो चैन नहीं जैसे नारों से गांव की गलियों को गुंजायमान कर रहा था। पूरा गांव आज शोक, गुस्से और न्याय की आग में एक साथ खड़ा दिखाई दिया।

कैंडल मार्च के दौरान पंचायत, खाप प्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों ने यह भी ऐलान किया कि कल पंचायत व खाप के प्रतिनिधिमंडल भिवानी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से मुलाकात करेंगे और इस मामले में अब तक की कार्रवाई पर सीधा जवाब मांगेंगे। इसके बाद परसों हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह से भी पंचकूला में पंचायत व खाप का प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा और पूरे मामले की निष्पक्ष, तेज और ठोस जांच की मांग रखेगा। पंचायत ने स्पष्ट कहा कि यदि इन दोनों उच्च स्तरीय बैठकों के बाद भी कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, न हत्यारों की गिरफ्तारी हुई और न ही जांच ने सही दिशा पकड़ी तो आंदोलन की आगे की रूपरेखा तय करने के लिए पंचायत की आपात बैठक बुलाई जाएगी। जिसके बाद उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पंचायत का कहना है कि उनका उद्देश्य संघर्ष नहीं बल्कि न्याय है, लेकिन अब धैर्य की सीमा समाप्त होती दिखाई दे रही है। कैंडल मार्च की शुरुआत रोहित धनखड़ के घर से हुई, जहां पहले रोहित की तस्वीर के सामने मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। जैसे ही मार्च आगे बढ़ा, सैकड़ों लोग हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर पूरे गांव की गलियों से गुजरे। हर मोमबत्ती उस दर्द का प्रतीक थी जो एक मां के सीने में दहक रहा है, हर कदम उस सवाल की तरह था जो प्रशासन से पूछा जा रहा है 10 दिन बीत गए, 48 घंटे का आश्वासन भी खत्म हो गया, फिर भी हत्यारे क्यों खुले घूम रहे हैं।

#### कोई आरोपी नहीं पकड़ा गया

ग्रामीणों का कहना है कि रोहित केवल एक व्यक्ति नहीं था, वह पूरे क्षेत्र की पहचान था। एक ऐसा खिलाड़ी जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाया, जिसने मेहनत और अनुशासन से युवाओं को प्रेरित किया। उसी रोहित की सिर्फ इस बात पर हत्या कर दी गई कि उसने एक शादी समारोह में लड़कियों के सामने गाली-गलौज और हुड़दंग करने से मना कर दिया था। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने खुले शब्दों में कहा कि उन्हें अब तक पुलिस की जांच पर भरोसा डगमगाता हुआ दिखाई दे रहा है। 10 दिन बीत चुके हैं, 48 घंटे का आश्वासन भी समाप्त हो चुका है, लेकिन न तो कोई नामजद आरोपी गिरफ्तार हुआ, न ही 15–20 हमलावरों में से किसी एक को पकड़ा गया। ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों ने सरकार और पुलिस प्रशासन से अपील की कि अब और देरी न की जाए। हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी की जाए, जांच को निष्पक्ष एजेंसी को सौंपा जाए और परिवार को यह भरोसा दिया जाए कि उनका बेटा यूं ही भुला नहीं दिया जाएगा। लोगों का कहना है कि अगर आज रोहित को न्याय नहीं मिला, तो कल कोई और रोहित इस सिस्टम की बलि चढ़ सकता है।

*अब पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह से पंचकूला में पंचायत व खाप का प्रतिनिधिमंडल मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष, तेज व ठोस जांच की मांग करेगा*




रोहतक। हुमायूंपुर और बखेता गांव में कैंडल मार्च निकालते युवा।

#### रोहित की मां ने मांगा इंसाफ

कैंडल मार्च के दौरान रोहित की मां की हालत देखकर हर आंख नम थी। गांव की महिलाएं उन्हें संभालती रहीं, क्योंकि वह बार-बार बेसुध हो रही थीं। उनका एक-एक शब्द लोगों के दिल को चीर रहा था "पहले मेरे पति चला गया, अब मेरा बेटा भी चला गयाङ्ग अब मुझे इंसाफ चाहिए।" परिवार का कहना है कि रोहित की मां और बहन गंभीर मानसिक तनाव में हैं और यह स्थिति प्रशासन की जिम्मेदारी को और भी बढ़ा देती है।

# शहर में पानी का नया कैलेंडर बना जनता की मुसीबत, 80 कॉलोनियों में नल सूखे

**जलघरों का स्तर गिरने से सप्लाई पैटर्न बदला, कई कॉलोनियों में एक दिन छोड़कर पानी मिल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

#### यहां भी एक समय पानी सप्लाई



जसबीर सिंह

हाउसिंग बोर्ड निवासी जसबीर सिंह और शिवाजी कॉलोनी निवासी पंकज ने बताया कि पुराना हाउसिंग बोर्ड, शिवाजी कॉलोनी, अंबेडकर कॉलोनी, प्रीत विहार, ग्रीन कॉलोनी, एकता कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, श्रीनगर कॉलोनी, आजाद नगर, गांधी कैंप, कमला नगर में भी पीने के पानी की काफी दिक्कतें आ रही हैं। यहां एक समय ही सप्लाई की जा रही है।



पंकज।



शहर की कॉलोनी में सप्लाई न आने के कारण इस तरह ढोया जा रहा पानी।

शहर व ग्रामीण एरिया में पेयजल संकट ने अब आम जनजीवन को सीधे प्रभावित करना शुरू कर दिया है। रविवार को पुराने शहर की 80 से अधिक कॉलोनियों में अचानक नल नहीं चले तो लोग सुबह से दोपहर तक पानी के इंतजार में खड़े रहे। कई घरों में पिछले दिन की बचत भी खत्म हो गई, जिसके बाद महिलाओं और बुजुर्गों को सिर पर मटके उठाकर, बोतलें भरकर इधर-उधर से पानी जुटाना पड़ा।

रविवार को भी सिर्फ एक ही समय पानी दिया गया और जलघर तालाबों का जलस्तर सामान्य होने तक यही व्यवस्था जारी रहेगी। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग के पास समस्या का समाधान नहीं, सिर्फ घोषणा है। नहरी पानी लगातार कम आने के कारण शहर की सप्लाई व्यवस्था में भारी कटौती की जा रही है। झज्जर रोड जलघर दो और बोहर स्थित जलघर तीन से जुड़ी कॉलोनियों में पहले दो समय पानी आता था, जो अब घटकर एक बार रह गया है। वहीं मानसरोवर पार्क स्थित जलघर एक से जुड़ी कॉलोनियों—जैसे जींद रोड, माता दरवाजा, शोरा कोठी और पाड़ा मोहल्ला—में तो हालात और भी खराब हैं। यहां एक दिन छोड़कर सप्लाई शुरू की गई है और शनिवार को पूरा इलाका सूखा रहा। लोगों ने बताया कि शुक्रवार रात तक किसी को यह उम्मीद नहीं थी कि शनिवार को नल पूरी तरह खाली रहेंगे।

कई परिवारों के बच्चे छुट्टी के दिन घर में थे, लेकिन पानी न होने से सुबह का नाश्ता, बर्तन, कपड़े व अन्य काम प्रभावित हो गए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभाग नहरी पानी कम आने का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। लोगों ने मांग की है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं होती, तब तक वैकल्पिक स्रोतों से अतिरिक्त पानी की व्यवस्था की जाए।

आशा देवी निवासी पाड़ा मोहल्ला बताती हैं कि पहले तो कम प्रेशर की दिक्कत थी, अब सीधे-सीधे पानी ही नहीं आता। जो भी बर्तन मिलते हैं उनमें पानी भरकर रख रहे हैं। एक दिन छोड़कर सप्लाई से घर का पूरा शेड्यूल बिगड़ गया है। दूसरी ओर टेल एंड की कॉलोनियों का संकट और गंभीर है। यहां पाइपलाइनों में प्रेशर पहले ही कम रहता था, लेकिन अब आधी कॉलोनियों तक पानी पहुंचता ही नहीं। लोग निजी बोरवेल वालों से सहायता मांगने लगे हैं, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

#### टैंकर भेजे जा रहे

प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर भेजे जा रहे हैं और जरूरत पड़ने पर लोग फोन करके भी निशुल्क टैंकर की बुकिंग भी कर सकते हैं। हालांकि टैंकरों की संख्या सीमित होने के कारण सभी कॉलोनियों तक समय पर पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा। फिर भी लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। आमजन को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जा रहा है।

**- अनिल रोहिल्ला, एसडीओ, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग**

# नो नशा नेशन के तहत लोगों को किया जागरूक



नशे के खिलाफ शपथ दिलाते डीएवी स्कूल के पदाधिकारी व गणमान्य लोग।

■ **डीएवी स्कूल ने सेक्टर 1 पार्क में किया जागरुकता कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के मार्गदर्शन व डीएवी कॉलेज प्रबन्धकृर्त समिति के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी की प्रेरणा से डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड द्वारा 'नो नशा नेशन' के तहत समाज में फैली नशे की कुरीति के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए ताऊ देवीलाल पार्क, सेक्टर-1 में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य प्रसिद्ध नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से 100 कुंडीय हवन' किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर रामअवतार वाल्मीकि रहे।

रामअवतार वाल्मीकि ने अपने सम्बोधन में कहा कि वे डीएवी संस्था द्वारा आर्य युवा समाज के माध्यम से की गई इस पहल से अति प्रभावित हुए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि इस पहल का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करके अधिक से अधिक जनसमुदाय को इसके साथ जोड़ा जाए। कार्यक्रम से पूर्व प्रातः 10 बजे एक जन चेतना रैली निकाली। कार्यक्रम में दौरान उपस्थित सभी को अपने जीवन में नशे दूर रहने बारे शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर एक नुक्कड़ नाटिका भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भजन, गीत आदि भी प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य शंकर लाल ने सभी का धन्यवाद करते हुए समाज में फैली इस बुराई से दूर रहने बारे सभी को सचेत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अंशुल भुटानी, डॉ. करण भुटानी, डॉ. श्रुति चैधरी, डॉ. कोमल, डॉ. दया, डॉ. शशि, डॉ. प्रीति, विद्यालय के पूर्व छात्रा रोबिन मिगलानी, आर्य समाज मॉडल टाऊन के प्रधान देशराज टक्कर, रमेश मल्होत्रा, भारत विकास परिषद् के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




#### विकल्प स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, स्कूल प्रबंधन कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह ,प्रधानाचार्य किरण पाहवा कोऑर्डिनेटर मंजू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों नृत्य, नाटक, गायन, योग एवं विभिन्न कला प्रदर्शनियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के वार्षिक रिपोर्ट को प्रधानाचार्य किरण पाहवा और अनु शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया ,जिसमें वर्षभर की उपलब्धियों, शैक्षणिक प्रगति तथा भविष्य की योजनाओं का विस्तृत विवरण साझा किया गया। इस कार्यक्रम मे लैंग्वेज ट्रेनर डॉ राजेश, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सेजल गाबा, त्रिगुण सर और डॉक्टर संजीव सुखाला गेस्ट ऑफ़ ऑनर रहे। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने छात्रों के आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मक प्रदर्शन की सराहना की। समारोह के अंत में सभी प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अंत में मंजु ने उपस्थित गण का धन्यवाद किया। इसके बाद सभी अध्यापकों और बच्चों द्वारा ग्रैंड फिनाले प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान गाकर किया गया।



#### बालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित श्रीबालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन और 67वीं पैदल ध्वजा यात्रा के पहुंचने पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि शनि देव मित्र मंडल तेज कॉलोनी और भक्तजनों द्वारा प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से ध्वजा यात्रा की शुरुआत की जाती है। मंदिर में ज्योत प्रज्वलित करने के बाद भक्त हाथों में ध्वजाएं लिए जय श्री राम के जयकारों के साथ पैदल धाम की ओर प्रस्थान करते हैं। यात्रा के दौरान दो पड़ाव रखे जाते हैं पहला पड़ाव खुशबू गार्डन के सामने, जहां जगदम्बा ट्रैक्टर हाउस द्वारा चाय-नाश्ते की व्यवस्था की जाती है। दूसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर, भिवानी रोड पर होता है, जहां से भक्तों की वापसी के लिए निशुल्क ऑटो सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। आज धाम पर अवनी गुप्ता नई अनाज मंडी, रोहतक के जन्मदिवस पर विशेष संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में आंख, दांत, फिजियोथेरेपी, मेडिसिन और देसी वैद्य उपचार सेवाएं प्रदान की गईं। सभी दवाइयां और चश्मे निशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, वर्षा रानी तनेजा, रमेश गुप्ता, विनोद गुप्ता सहित अनेक भक्तजन मौजूद रहे।

#### गोयल क्रिकेट क्लब ने 1 विकेट से दर्ज की रोमांचक जीत

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में गोयल क्रिकेट क्लब ने मास्टर धर्मपाल क्रिकेट टीम को 1 विकेट से हराया। मास्टर धर्मपाल क्रिकेट टीम ने निर्धारित ओवरों में 252/9 का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से रेयान दहिया ने 47 रनों की उपयोगी पारी खेली, जबकि हरिनक्श कौशिक और ध्रुव शर्मा ने भी योगदान दिया। विख्यात बुधवार ने 13 रन और रुद्राविर सिंह की तेज पारियों ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। गोयल क्रिकेट क्लब के गेंदबाज मयंक नहरा, हार्दिक, परीक्षित पुनिया और अभिनव गुप्ता ने शानदार गेंदबाजी की। जवाब में गोयल क्रिकेट क्लब की शुरुआत दमदार रही। ओपनर कमल नायक ने 94 रनों की शानदार पारी खेली। नितिन जंगु ने 45 व चिराग सैनी ने 39 रनों की पारी खेली। हरिनक्श कौशिक, विख्यात बुधवार और युगल भारद्वाज ने कसी हुई गेंदबाजी से दबाव बनाए रखा, लेकिन गोयल क्रिकेट क्लब ने 1 गेंद शेष रहते 253/8 बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच कमल नायक रहे। बेहतरीन गेंदबाज मयंक नहरा को चुना गया।

### शिव संगम क्रिकेट अकादमी ने कुरुक्षेत्र को 55 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रविवार को विश्वकर्मा मैदान पर खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में शिव संगम क्रिकेट अकादमी ने कुरुक्षेत्र क्रिकेट अकादमी को 55 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए शिव संगम की टीम ने 40 ओवरों में 252/4 का स्कोर खड़ा किया। रविश दलाल ने 108 गेंदों पर 100 रनों की शतकीय पारी खेली। उनके साथ हिमांक सहगल ने 61 और ओजस धूल ने 47 रनों का योगदान दिया। जवाब में कुरुक्षेत्र क्रिकेट अकादमी के नक्श चौहान ने 26 रन और प्रियांश चौधरी ने 107 गेंदों पर 98 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज़ बड़ा स्कोर नहीं बना सके। टीम 39.3 ओवर में 197 रन पर सिमट गई। शिव संगम की ओर से रविश दलाल ने गेंदबाज़ी में भी कमाल किया और 9 ओवर में मात्र 13 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। ओजस धूल और परयान ने भी कसी हुई गेंदबाज़ी कर विपक्ष पर दबाव बनाए रखा। मैच के मैन ऑफ द मैच रविश दलाल रहे।

**साक्षात्कार** ब्रह्माकुमारीज सेंटर महम की सहसंचालिका बीके सुमन ने टूटते परिवारों को बचाने का तरीका बताया

# बेटियों को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाएं व सहनशीलता सिखाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

पिछले कुछ वर्षों में लव मैरिज के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। युवक युवती अपनी पंसद के जीवन साथी का चुनाव कर रहे हैं। लेकिन देखने में यह आया है कि जितनी जल्दी से ये रिश्ते जुड़ रहे हैं, उतनी ही जल्दी से ये रिश्ते टूट भी रहे हैं। जबकि पहले के जमाने में युवक युवती एक दूसरे को शादी से पहले जानते तक नहीं थे, बावजूद इसके उनके तलाक नहीं होते थे। ब्रह्माकुमारीज सेंटर महम की सहसंचालिका बीके सुमन ने हरिभूमि ब्यूरो इंचार्ज राज कुमार नरवाल को दिए एक साक्षात्कार में टूटते परिवारों को बचाने का तरीका बताया।



बीके सुमन बहन। फोटो: हरिभूमि

बीके सुमन ने बताया कि पहले के जमाने में माता पिता अपनी बेटियों को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाते थे और सहनशीलता सिखाते थे। उनको रिश्ते निभाना सिखाया जाता था। कहते थे कि जिस घर में उसकी डोली गई है, अब उस घर से उसकी अर्थी ही उठनी चाहिए। ससुराल वालों से लड़ झगड़कर यहां मत आना। लेकिन आजकल माता पिता अपनी बेटियों को कमजोर बना रहे हैं। माताएं विवाहित बेटियों से मोबाइल फोन पर घंटों घंटों तक बात करती रहती हैं और वहां की पल पल ही खबर लेती रहती हैं। सास ने क्या कहा, जेठानी न क्या कहा? आज नाश्ते में क्या बनाया था। लंच और डिनर में क्या बनाया था, यह सब माताएं पूछती रहती हैं। मोबाइल की वजह से दिनभर लड़कियां अपने माता पिता से जुड़ी रहती हैं।

#### मोबाइल पर लंबी चलने वाली बातें खतरनाक

मोबाइल पर चलने वाली लंबी बातें रिश्ते टूटने की मुख्य वजह बनती हैं। अब माता पिता बेटियों को कहते हैं कि ससुराल में यदि कोई छोटी सी भी बात हो जाए तो वह उन्हें तुरंत बताएगी, वे उसके साथ खड़े हैं। छोटी छोटी बातें विवाहित बेटियां माता पिता को बताएंगी तो घर टूटना तय है। यह ठीक है कि माता पिता को अपनी बेटियों को स्पोट देनी चाहिए। लेकिन बेटियों को भावनात्मक रूप से मजबूत भी बनाना चाहिए। उसको सहनशील बनना सिखाएं। उसको रिश्ते निभाना सिखाएं। यदि बेटियां सहनशील बन जाएंगी तो ससुराल में शहंशाह बन जाएंगी। माता पिता अपनी बेटी को यह बताएं कि अब ससुराल ही तेरा परिवार है और छोटी मोटी बातों को नजर अंदाज कर देना ही ठीक है तो परिवार नहीं टूटेंगे। सहनशीलता के अभाव में रिश्ते जितने जल्दी जुड़ रहे हैं, उतने ही जल्दी टूट भी रहे हैं।

#### शिक्षा बढ़ी, संस्कार घटे

बीके सुमन ने बताया कि पहले जमाने में ज्यादातर महिलाएं अनपढ़ अथवा कम पढ़ी लिखी होती थी। लेकिन वे अशिक्षित होते हुए संस्कारी होती थी। बड़ों का सम्मान करना उन्हें बखूबी आता था। लेकिन अब बेटियां शिक्षित तो हो रही हैं, लेकिन उनमें संस्कारों की कमी आ गई है। कुछ को छोड़कर नई पीढ़ी की बहुएं बड़ों की इज्जत और मान सम्मान करना नहीं जानती। ऐसी शिक्षा का और नौकरी का क्या फायदा। बेटियों को यह बात याद रखनी चाहिए कि यदि संस्कार अच्छे होंगे तो उनका संसार अच्छा हो जाएगा। माता पिता को बेटियों का सहारा बनना चाहिए। लेकिन सहारा इतना भी नहीं देना चाहिए कि वे कमजोर हो जाएं। बच्चों का मनोबल बढाना चाहिए। लेकिन ऐसा सहारा नहीं देना चाहिए, जिससे उसका परिवार ही टूट जाए। बड़ों का सम्मान करना सिखाएं। बोलने का लहजा सिखाएं।

**खाना बनाना जरूर सिखाएं :** बीके सुमन ने कहा कि बेटियों को पढा लिखाकर अफसर बेशक बनाएं, मगर उनको खाना बनाना और चाय बनाना जरूर सिखाएं। पढ़ी लिखी बहुएं आ रही हैं और सास खुश होकर बताती हैं कि उनकी बहु एक लाख रुपए महीना वेतन ले रही है। लेकिन बहु को चाय तक बनानी नहीं आती। बहु बनने से पहले बेटियों को चाय बनाना और खाना बनाना जरूर आना चाहिए। क्योंकि यदि बहु ससुराल के लोगों को खाना बनाकर खिलाएगी तो रिश्ते मजबूत होंगे।

#### कर्नाटक में कांग्रेस ने किसानों को दिया धोखा

**रोहतक।** कर्नाटक में गन्ना किसानों के उग्र प्रदर्शनों के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कांग्रेस की कर्नाटक सरकार और किसान नेता नरेश टिकैत पर जोरदार प्रहार किया है। कर्नाटक में 100 से अधिक ट्रैक्टरों को आग लगाए जाने की घटनाओं ने किसानों के भीतर पनप रहे रोष की गंभीरता और सरकार की नीतिगत विफलता को उजागर किया है। खरक ने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य सिर्फ 270 प्रति क्विंटल तय करना किसानों के साथ बड़ा अन्याय है। उन्होंने तुलना करते हुए बताया कि भाजपा शासित हरियाणा में 415 और उत्तर प्रदेश में 400 प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है, जिससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस किसान हितों को प्राथमिकता देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि "कांग्रेस सरकार का यह रवैया किसानों की मेहनत और पसीने का खुला अपमान है।" किसानों के उग्र हो जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए खरक ने कहा कि कांग्रेस सरकार की असंवेदनशीलता और लापरवाही ने किसानों को चरम कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है।

